कार्यालय प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, रायबरेली ।

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 3551/V-CPC/eCourts/ Allahabad दिनांकित 05.01.2024 के द्वारा जनपद न्यायालयों में सुगम्यता समिति (Assessibility Committee) के गठन हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त समिति में एक अधिवक्ता (विशेषतः एक दिव्यांग व्यक्ति) को भी शामिल किया जाना है। उक्त समिति के गठन के सम्बन्ध में इस जजशिप में व्यवसायरत दिव्यांग अधिवक्तागण की सूची मय विवरण सेन्ट्रल बार एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, रायबरेली से दिनांक 24.01.2024 को आहूत की गयी थी जो अभी तक इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई । दिव्यांग अधिवक्तागण की सूची मय विवरण प्रेषित किये जाने हेतु बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को अनुस्मारक पत्र प्रेषित हो।

इस जनपद में व्यवसायरत दिव्यांग अधिवक्तागण अपना नाम व विवरण सीधे इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । यह सूचना डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु सिस्टम ऑफिसर को प्रेषित हो एवं एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाए ।

14-2-2024

(सतीश कुमार त्रिपाठी)
प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश
रायबरेली ।
14.02.2024